दुग्ध शीत केन्द्र स्तर पर

- रॉ मिल्क रिसेप्शन डाक को केन फ्री करते हुए टैंकरों के माध्यम से उचित तापमान पर दुग्ध संकलन।
- समिति से प्राप्त दूध का सैंपल निर्धारित मानक स्तर का न पाये जाने पर दूध वापस –दुग्ध सहकारी समिति को चेतावनी तथा बार–बार घटना होने पर समिति से दुग्ध संकलन बंद करना।
- शीतकेन्द्र स्तर पर गुणवत्ता प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण।
- शीतकेन्द्र स्तर पर समितियों से प्राप्त दूध का अपमिश्रण परीक्षण जैसे शुगर, बेजीटेबल फैट, यूरिया, ग्लूकोज, माल्टोस, नमक, स्टार्च, न्यूट्रीलाइजर, बी.आर. इनडेक्स, आर.एम. वैल्यू, प्रोटीन, सोप एवं अन्य के माध्यम से गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती है। अपमिश्रण पाया जाने पर दूध को उसी वक्त नष्ट किया जाता है।
- मिल्को स्केन, डिजिटल कॉलोनी काउंटर, रिफ्रेक्टो मीटर, एयरफ्लो यूनिट आदि की स्थापना से दूध की गुणवत्ता की सुगम जांच।
- शीतकेन्द्रों स्तर पर पहले से उपलब्ध शीतलीकरण संयंत्र के क्षमता को **augment** करने हेतु स्कीड माउन्ट रेफ्रिजरेशन सिस्टम स्थापित किया जा रहा है जिससे शीतकेन्द्र स्तर पर दुग्ध का **FSSAI norms** के अनुसार **4° C** तक ठंडा किया जा रहा है।